हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार,9 मई 2024

तापमान
अधिकतम 41.6 डिग्री
न्यूनतम 23.8 डिग्री

13 वैश्य समाज ने परिवहन मंत्री को किया सम्मानित



14 पोस्टर व भाषण स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा



## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज चोरी के मामले में आरोपी सागर व रजत कुमार को प्रोडक्शंन वारंट पर गिरफ्तार किया है। गांव सीवन माजरा के रोबिन सिंह ने 14 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### कबूतरबाजी के मामले में महिला से पूछताछ

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को शामिल जांच किया है।मॉडल टाउन के भूपिंद्र सिंह ने 30 मई 2020 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी महिला व अन्य ने उसके पुत्र अतिंद्रपाल को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी राशि हड़प कर धोखाधड़ी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### दुर्व्यहार के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सदर अंबाला में दर्ज महिला के अपहरण व दुर्व्यवहार के मामले में पुलिस ने आरोपी अजय कुमार को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला के पिता ने 18 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 18 अप्रैल 2024 को उसकी 19 वर्षीय पुत्री बिना किसी को बतलाए घर से कहीं चली गई है। बाद में मामला अपहरण का निकला।

### यमुना नदी में डूबने से युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव ऊझा निवासी निशांत की उत्तर प्रदेश की ओर यमुना नदी के पानी में डूबने से मौत हो गई। निशांत अपने गांव के दोस्तों के साथ यमुना में नहाने गया था। नहाते वक्त निशांत गहने पानी में चलाया और डूबने लगा, वही, निशांत पर तैरना नहीं आता था, जब तक निशांत को बचाने के प्रयास किए गए तब तक वह पानी में लापता हो गया था। गोताखोरों की मदद से निशांत का शव तलाशा गया। इधर, यूपी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद निशांत का शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

# बैशाख माह की अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने ब्रह्मसरोवर में लगाई आस्था की डुबकी

## अमावस्या के अवसर पर ब्रह्मसरोवर में स्नान व पूजा अर्चना का विशेष महत्व माना जाता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

बैशाख माह की अमावस्या पर धर्मनगरी में हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र ब्रह्मसरोवर में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ के चलते ब्रह्मसरोवर पर मेले जैसा नजारा बना रहा तो वहीं पुलिस के भी कड़े बंदोबस्त रहे।

- श्रद्धालुओं ने स्नान के साथ-साथ पूजा अर्चना की

अल सुबह ही दूर-दराज से श्रद्धालु ब्रह्मसरोवर पर पहुंचने लगे थे। दोपहर तक स्नान व पूजा अर्चना का क्रम जारी रहा। अमावस्या के अवसर पर ब्रह्मसरोवर में स्नान व पूजा अर्चना का विशेष महत्व माना जाता है। बुधवार और अमावस्या का संयोग होना स्नान-दान के लिए शुभ माना जा रहा है। ज्योतिषाचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा का कहना है कि बुधवार को पड़ने वाली इस अमावस्या पर पितरों की विशेष पूजा की जाए तो परिवार के रोग, शोक और दोष खत्म हो जाते हैं। वैशाख महीने की अमावस्या पर स्नान-दान करने से अक्षय फल मिलता है। सूर्योदय से लेकर अगले दिन सूर्योदय तक की अवधि में अमावस्या के दौरान स्नान-दान करने का खास महत्व है। साथ ही इस समय पितरों के लिए श्राद्ध करना चाहिए। जिससे पितृ पूरी तरह संतुष्ट हो जाते हैं।





कुरुक्षेत्र। अपने पितरो के नामित पिंडदान करवाते श्रद्धालु व ब्रह्मसरोवर में डुबकी लगाते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### नदियों में स्नान का विशेष महत्व

अमावस्या के दिन दान करना सबसे अच्छा माना गया है। देव ऋषि व्यास ने ग्रंथों में कहा है कि इस तिथि में स्नान और दान करने से हजार गायों के दान का पुण्य फल मिलता है। नदियों में स्नान का विशेष महत्व होता है। ग्रंथों में लिखा है कि वैशाख महीने की अमावस्या पर जरूरतमंद लोगों को खाना खिलाना चाहिए। साथ ही जलदान भी करना चाहिए। इससे स्वर्ण दान करने जितना पुण्य मिलता है। वहीं, शाम को दीपदान करने से यम देवता प्रसन्न होते हैं। ऐसा करने से हर तरह के दोष खत्म हो जाते हैं।

# ट्रेन में सफर के दौरान सुटकेस से आभूषण व दो लाख की चोरी

## शादी समारोह में आ रहे थे परिवार के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

ट्रेन में लखनऊ से यमुनानगर शादी समारोह में भाग लेने आ रहे दुल्हे के परिवार वालों के सुटकेस से सोने के आभूषण व दो लाख की नकदी चोरी हो गए। परिवार के सदस्यों का आरोप है कि कुछ लोग सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़े थे। आरोपियों ने ट्रेन में सीटों के नीचे रखे सुटकेस बाहर निकलवाने में उनकी सहायता की थी। उन्हीं लोगों ने सुटकेस से आभूषण व नकदी चोरी की है। जीआरपी थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- जीआरपी थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की

जानकारी के अनुसार लखनऊ की जानकीपुरम निवासी नितिन आर्य ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भाई अरविंद आर्य की शादी यमुनानगर के आनंद रेजिडेंसी में होनी थी।

### लखनऊ से यमुनानगर के लिए ट्रेन में रवाना हुए थे

वह परिवार के सदस्यों के साथ 22 मई को रेलवे स्टेशन लखनऊ से यमुनानगर के लिए ट्रेन में रवाना हुए थे। उनके पास आठ-दस सुटकेस थे। एक सुटकेस में सोने के आभूषण व दो लाख रुपये की नकदी रखी हुई थी। जब वह सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे तो चार-पांच लोग ट्रेन में उनके डिब्बे में चढ़े। इस दौरान वह सुटकेस निकालने लगे। आरोपी लोगों ने सुटकेस निकलवाने में उनकी सहायता की। जिसके बाद वह यमुनानगर पहुंचकर टैक्सी में सामान रखकर आनंद रेजिडेंसी में आ गए। जब उन्होंने सुटकेस की जांच की तो उसमे से सोने के आभूषण व दो लाख रुपये की नकदी गायब मिली। उसने आरोप लगाया कि सहारनपुर में जिन लोगों ने सुटकेस निकलवाने में उनकी सहायता की थी उन्हीं ने सुटकेस से आभूषण व नकदी चोरी की है। उसने मामले की सूचना जीआरपी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।


# दो नाबालिगों का विवाह रूकवाया

## वर व वधु पक्ष ने शपथ पत्र दिया, बालिग होने पर ही करेगे विवाह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता ने पानीपत की ईदगाह कालोनी में वीरवार को होने वाला दो नाबालिगों का विवाह रूकवा दिया। गुप्ता ने बुधवार को लड़का और लड़की की उम्र के दस्तावेजों की जांच-पड़ताल की। जांच में लड़का और लड़की, दोनों ही नाबालिग निकले। जिसके बाद होने वाली शादी को रूकवा दिया गया। बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता ने दोनों पक्षों के शपथ पत्र लिए। जिसमें लड़की की उम्र 18 साल और लड़के की उम्र 21 साल होने तक शादी नहीं करने की बात लिखवाई गई है।

- दोनों पक्षों के अशिक्षित होने के कारण विवाह कानून की जानकारी नहीं थी



इधर, प्रोटेक्शन ऑफिसर रजनी गुप्ता ने बताया कि उनके पास छह मई को सूचना मिली थी कि ईदगाह कॉलोनी में 10 मई को एक नाबालिग लड़की की शादी होनी है। इसके बाद लड़की की मां को फोन पर संपर्क किया और महिला थाने में बुलाया गया। इसके बाद लड़का पक्ष को भी बुलाया गया। लड़का पक्ष सोनीपत जिले के गोहाना का रहने वाला है, वर पक्ष भी कार्यालय पहुंचा। इधर, जांच में लड़की की 13 साल और लड़के की उम्र 16 साल मिली। लड़का फेरी लगाने का काम करता है। दोनों पक्षों को विवाह संबंधी कानून की जानकारी थी, इसके चलते यह विवाह तय हुआ था। वही, दोनों पक्षों को विवाह संबंधी कानून की जानकारी दी, जबकि दोनों पक्ष ने कानून के तहत विवाह करने संबंधी शपथ पत्र दिए है।

### पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार किया

**पानीपत।** पानीपत की चौटाला रोड पर धर्मकांटे के पास ट्रक चालक रमेश से मारपीट कर लूट करने व पानीपत के कुलदीप नगर निवासी नरेंद्र के घर से मोबाइल चोरी करने वाले दो आरोपियों सचिन पुत्र किशनलाल व सुनील पुत्र जसबीर निवासी गांव बाय जिला सोनीपत को सीआईए थ्री पुलिस टीम ने समालखा में भापरा मोड़ से गिरफ्तार किया।

सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि उक्त वारदात बारे थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में रमेश पुत्र पूरनाराम निवासी रजापुर चुरू राजस्थान की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। जबकि चोरी की वारदात बारे थाना पुराना औद्योगिक में नरेंद्र पुत्र रणधीर निवासी कुलदीप नगर की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

# कंपनी में निवेश करने के नाम पर धोखाधड़ी, 8 माह में ही योजना बंद

## निवेशकों की शिकायत पर कंपनी अधिकारियों के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

ड्रोन बनाने वाली कंपनी में निवेश का झांसा देकर निवेशकों से कंपनी के मालिकों, पार्टनर व अधिकारियों ने लाखों रुपये का चूना लग गया। कंपनी की तरफ से निवेश को लेकर 5 साल के प्लान का एग्रीमेंट दिया गया लेकिन बाद में 8 माह में प्लान बंद कर दिया गया। चित्रा शर्मा की शिकायत पर आरोही मलिक उर्फ अंजलि, संजीव देशवाल, धर्मपाल मोंगा के खिलाफ धोखाधड़ी एवं विश्वासघात का केस दर्ज किया है। चित्रा शर्मा, पूनम शर्मा, सचिन कुमार, गुरप्रीत सिंह, कमल सिंह, गुरसेवक सिंह, संजय कुमार, गुरप्रीत सिंह, गुरविंद्र सिंह, नरेंद्र कुमार गुप्ता, राजविंद्र कौर आदि निवेशकों ने पुलिस को शिकायत की थी। चित्रा शर्मा ने पुलिस शिकायत में कहा कि 2022 में उसे अपने एक जानकार के माध्यम से डीवीएस वेंचर के निवेश प्लान बारे पता चला था। कंपनी बारे बताया गया कि यह कंपनी ड्रोन बनाकर सरकार को लीज पर देगी। जिसके लिए कंपनी को निवेश की आवश्यकता है। इस प्लान के अनुसार उसने अपने गहनों को गिरवी रखकर कंपनी में 9,90,232 रुपये निवेश किए। कंपनी ने ये प्लान 5 वर्षों के लिए बताया था। कंपनी की तरफ से एक एग्रीमेंट भी दिया गया था। प्लान को आरोही मलिक उर्फ अंजलि और संजीव देशवाल के द्वारा मात्र 8 माह में बंद कर दिया गया। प्लान के तहत जुड़े सभी निवेशकों को देहरादून के ऑफिस में बुलाकर चेक दिए गए। बाद में ये चेक बाउंस हो गए।

- निवेशकों को देहरादून के ऑफिस में बुलाकर चेक दिए गए जो बाउंस हो गए

# जेलों में बंद कैदियों में शिक्षा की अलख जगा रहा है इग्नू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया की इग्नू हरियाणा की विभिन्न जेलों में बंद कैदियों को उच्च शिक्षा से जोड़कर उनमें शिक्षा की अलख जगाने का काम कर रही है। जो कैदी 12वीं कक्षा पास कर चुके हैं और उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं उनके लिए जेलों में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विवि (इग्नू) द्वारा अध्ययन केंद्र स्थापित किए गए हैं। अगर कोई बंदी जो स्नातक या किसी अन्य उच्च पाठ्यक्रम का अध्ययन कर रहा है तो जेल में उसके कार्यकाल के दौरान उसकी पढ़ाई और परीक्षा की व्यवस्था इग्नू द्वारा निःशुल्क की जाती है।बंदी अपने जीवन के अंधेरे को शिक्षा की रोशनी से दूर करने प्रयास कर रहे हैं। अपराधियों के भविष्य को संवारने के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के तहत शिक्षा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह है कि अपराधी जेल में बिताए समय का सदुपयोग कर सकें। पिछले तीन वर्षों में हरियाणा की विभिन्न जेलों में अभी तक कुल 792 बंदियों द्वारा सफलतापूर्वक उच्च शिक्षा प्राप्त करने की तरफ अपने कदम बढ़ाये हैं

- पिछले तीन वर्षों में कुल 792 बंदियों ने इग्नू की दूरस्थ शिक्षा को चुना: डॉ धर्म पाल

# सर्व कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

सर्व कर्मचारी संघ के सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर बुधवार को नगर के शर्मा टेंट हाउस चौक पर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने नगर में आए हुए अंबाला लोकसभा प्रत्याशी वरुण चौधरी को ज्ञापन सौंपकर उनकी मांगों को पूरा करवाए जाने की मांग की।

- लंबे अर्से से लंबित पड़ी मांगों का कोई हल नहीं निकाले जाने से रोष

बुधवार सुबह सर्व कर्मचारी संघ के सैंकड़ो सदस्य जिला प्रधान महिपाल सौदे के नेतृत्व में नगर के शर्मा टेंट हाउस चौक पर एकत्र हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इसके बाद वह रोष जुलूस निकालते हुए नगर में आए हुए अंबाला लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी वरुण चौधरी से मिले और उन्हें अपनी 15 सूत्रीय मांगो से संबंधित ज्ञापन सौंपा। मौके पर संघ के जिला प्रधान महिपाल सौदे, गुलशन भारद्वाज, राकेश धनखड़ व प्रेम प्रकाश आदि ने चौधरी को बताया कि उनकी लंबे अर्से से मांगे लंबित पड़ी हैं। जिनका अभी तक कोई हल नहीं निकल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कच्चे कर्मचारियों को पक्का किए जाने की कोई नीति नहीं बनाई गई है। वहीं, पुरानी पेंशन भी बहाल नहीं की गई है। इसके अलावा सरकारी विभागों का निजीकरण करके पक्के सरकारी पदों को समाप्त करने का काम किया जा रहा है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लाखों की संख्या में कच्चे कर्मचारियों की भर्ती करके पक्का इंतजाम किया जा रहा है। सरकारी विभागों में खाली पडे. लगभग तीन लाख पदों पर पक्की भर्ती नही की जा रही है। वहीं, पक्के कर्मचारियों को मेडिकल सुविधा के नाम पर उपचार करवाने के लिए बीमा कंपनियों को ठेका दिया जा रहा है। हर कच्चे व पक्के कर्मचारियों को उनको मिलने वाली हर सुविधा से वंचित रखने की लगातार कोशिश की जा रही है।

मौके पर वरूण चौधरी ने कर्मचारी नेताओं को उनकी सभी समस्याओं को दूर करवाए जाने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर रिटायर्ड संघ जिला सचिव जोत सिंह, सतीश कुमार, किशोर कुमार, राजबीर सिंह, रमेश, कमल, सुरेंद्र, राम नरेश व विक्की पारचा आदि मौजूद रहे।




यमुनानगर में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए सर्व कर्मचारी संघ के सदस्य।

# परिजनों की हत्या की धमकी देकर किशोरी के साथ दुष्कर्म

**पानीपत।** पानीपत की एक कॉलोनी में एक किशोर ने अपनी दो किशोरी मित्रों के साथ मिल कर एक किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। वही, आरोपियों ने पीड़ित लकड़ी की अश्वलील तस्वीरें भी ली। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि उसके पड़ोस में उसकी मां की भांजी व उसकी सहेली रहती है। फरवरी में दोनों लड़कियों ने पास में ही रहने वाले लड़के साथ मित्रता करने का दबाव बनाते हुए चेतावनी दी कि यदि उसने लड़के के साथ दोस्ती नहीं की तो वह उसकी व उसके परिजनों की हत्या कर देगा। इधर, हत्या की धमकी से डरी किशोरी, दोनों लडकियों के दबाव में आ गई व पीड़ित लड़की ने अपने परिजनों के खाने में नींद की गोली मिलाई। परिजनों के सोनें पर लड़की देर रात, दोनों किशोरियों के साथ अपने घर के पीछे एक खाली प्लाट में चली गई। यहां आरोपी पहले से ही मौजूद था। आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और अपनी साथी लड़कियों के साथ मिल कर उसकी अश्लील फोटो खींची और वायरल कर दी। इधर, पीड़ित लड़की ने साहस दिखाकर किसी तरह आपबीती परिवार वालों को बताई। वही, परिजनों ने इस मामले की शिकायत पर पुलिस से की। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- आरोपी व इसकी सहयोग लड़कियां भी नाबालिग, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

## अक्षय तृतीया का सर्वसिद्ध मुहूर्त के रूप में भी विशेष महत्त्व

# धूमधाम से मनाई जाएगी अक्षय तीज: डॉ. मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

कॉस्मिक एस्ट्रो ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड़ पिपली के डायरेक्टर व श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली के अध्यक्ष डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि अक्षय तृतीया वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को कहते हैं। ग्रंथों के अनुसार इस दिन जो भी शुभ कार्य किए जाते हैं, उनका अक्षय फल मिलता है। इसी कारण इसे अक्षर तृतीया या अक्षय तीज कहा जाता है। वैसे तो सभी बारह महीनों की शुक्ल पक्षीय तृतीया शुभ होती है, किंतु वैशाख माह की तिथि स्वयंसिद्ध मुहूर्तो में मानी गई है। भविष्य पुराण के अनुसार इस तिथि की युगादि तिथियों में गणना होती है,सतयुग और त्रेता युग का प्रारंभ इसी तिथि से हुआ है। भगवान विष्णु ने नर-नारायण, हयग्रीव और परशुराम का अवतरण भी इसी तिथि को हुआ था। ब्रह्माजी के पुत्र अक्षय कुमार का आविर्भाव भी इसी दिन हुआ था। इस दिन श्री बद्रीनाथ की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती है और श्रीलक्ष्मी नारायण के दर्शन किए जाते हैं।



- सतयुग और त्रेता युग का प्रारंभ इसी तिथि से हुआ

### बद्रीनारायण के कपाट इसी तिथि से पुनः खुलते

प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बद्रीनारायण के कपाट भी इसी तिथि से ही पुनः खुलते हैं। वृंदावन स्थित श्री बांके बिहारी जी मन्दिर में भी केवल इसी दिन श्रीविग्रह के चरण दर्शन होते है, अन्यथा वे पूरे वर्ष वस्त्रों से ढके रहते है। इसी दिन महाभारत का युद्ध समाप्त हुआ था और द्वापर युग का समापन भी इसी दिन हुआ था। इस बार अक्षय तृतीया पर धन योग, गजकेसरी योग, शुक्रादित्य योग, रवि योग, शश योग और सुकर्मा योग का निर्माण होगा, जो कि अति शुभ संयोग माना जा रहा है।

### अक्षय तृतीया का महत्व

अक्षय तृतीया का सर्वसिद्ध मुहूर्त के रूप में भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन बिना कोई पंचांग देखे कोई भी शुभ व मांगलिक कार्य जैसे गृह-प्रवेश, वस्त्र-आभूषणों की खरीददारी या घर, भूखंड, वाहन आदि की खरीददारी से संबंधित कार्य किए जा सकते हैं क नवीन वस्त्र, आभूषण आदि धारण करने और नई संस्था, समाज आदि की स्थापना या उद्घाटन का कार्य श्रेष्ठ माना जाता है। पुराणों में लिखा है कि इस दिन पितरों को किया गया तर्पण तथा पिंडदान अथवा किसी और प्रकार का दान, अक्षय फल प्रदान करता है। इस दिन गंगा स्नान ,कुम्भ स्नान करने से तथा भगवत पूजन से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। इस दिन किया गया जप, तप, हवन, स्वाध्याय और दान भी अक्षय हो जाता है। इस बार अक्षय तृतीया को रोहिणी योग 10 मई 2024 शुक्रवार को प्रातः 10 बजकर 46 तक मिन्ट तक है। तृतीया तिथि का प्रारम्भ 10 मई को सुबह 4 बजकर 17 मिनट पर होगा और समापन 11 मई को रात 2 बजकर 50 मिनट पर होगा।

# साइबर ठगों ने बैंक डिटेल हासिल कर अकाउंट से निकाले 91713 हजार रुपये

## पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया धोखाधड़ी का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

साइबर ठगों ने मॉडल कॉलोनी निवासी रितिक से बातों में उलझा कर बैंक डिटेल हासिल कर उसके अकाउंट से 91713 रुपये निकाल लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रितिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने छह मई को इंस्टाग्राम आईडी पर अपनी बहन के लिए सूट आर्डर किया था। उसने इंस्टाग्राम आईडी पर दिए मोबाइल नंबर पर 1200 रुपये की ऑनलाइन पेमेंट कर दी। इसके बाद आरोपी व्यक्ति ने उसे ट्रेकिंग कोड देने के लिए बोला। लेकिन ट्रूरेकिंग कोड नहीं आया। जब उसने आरोपी से फोन पर बात की तो उसने कहा कि दो सूटों का और आर्डर करना पड़ेगा। मगर उसने सूट लेने से मना कर दिया। जब उसने आरोपी को पेमेंट वापस करने के लिए कहा तो आरोपी ने कहा कि अभी सर्वर डाउन है। थोड़ी देर में मैनेजर आपसे बात करेगा। 10 मिनट बाद उसके मोबाइल पर फोन आया। आरोपी ने उससे कहा कि वह उसके अकाउंट में एक रुपया भेज रहा है। वह अपने अकाउंट की डिटेल उसे दे दो। जब उसने अपने अकाउंट की डिटेल दी तो उसके अकाउंट से चार बार में 91713 रुपये कट गए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- ंस्टाग्राम आईडी पर अपनी बहन के लिए सूट आर्डर किया था

## खबर संक्षेप

### सरकारी जमीन पर फसल उगाने पर केस

**यमुनानगर।** जिले के गांव रटौली में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की जमीन पर अवैध रूप से फसल उगाने के आरोप में पुलिस ने तीन किसानों के खिलाफ केस दर्ज किया है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सम्पदा अधिकारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि विभाग द्वारा गांव रटौली में भूमि मई 2011 से अधिग्रहित कर रखी है। मगर गांव के किसान इकबाल सिंह, सतविंद्र सिंह व कुलदीप सिंह ने अधिग्रहित भूमि पर फसल उगा रखी है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों किसानों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कार चोरी, अंदर रखे थे 50 हजार रुपये

**पानीपत।** पानीपत के गांव डाडौला निवासी बाबू राम का गांव में ही सीएनजी पंप है। वहीं बाबू राम ने अपनी नई महेंद्र एक्सयूवी गाड़ी को खाली प्लाट में खडा किया था। रात को अज्ञात लोगों ने उसकी कार चोरी कर ली। गाड़ी के भीतर 50 हजार रुपए कैश भी रखा था। जबकि पास में ही बाबू राम की दूसरी कार खडी थी, इस के साथ चोरों ने कोई छेडछाड नहीं की। बाबूराम की शिकायत पर हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस ने अज्ञात पर केस द र्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पाइट क्वेस्ट में आईटीआई को अवार्ड मिला

**पानीपत।** पाइट में अंतर राजकीय बहुतकनीकी अंतराष्ट्रीय पाइट क्वेस्ट का आयोजन किया गया। वही, प्रतियोगिता में कई राज्यों के छात्र व छात्राओ ने भाग लिया, जिसमे महर्षि कश्यप राजकीय बहुतकनीकी संस्थान गांव जाटल, जिला पानीपत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्थान के छात्र अंकित ने प्रथम और आशीष ने चौथा स्थान प्राप्त किया। जिसके लिए अंकित को 295200/- की छात्रवृति और लैपटॉप से पुरस्कृत किया गया और आशीष को 29520 की छात्रवृति व एक एचपी प्रिंटर से पुरस्कृत किया गया।

### एमएएसडी स्कूल में छात्रों का स्वास्थ्य जांचा

**पानीपत।** एमएएसडी स्कूल में स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है तथा स्वस्थ शरीर ही जीवन की असली पूंजी है को ध्यान में रखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य की जांच हेतु एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने समस्याएं बताकर स्वास्थ्य जांच करवाई।

### लोस चुनावों को लेकर सामान्य ऑब्जर्वर ने क्रिटिकल बूथों का किया निरीक्षण

# चुनाव को निष्पक्षता से संपन्न करवाने में सभी टीमों की रहेंगी अहम भूमिका: सुखबीर

**सामान्य ऑब्जर्वर ने मतगणना केंद्रों के निरीक्षण से पहले आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। संवेदनशील मतदान केंद्र व बूथ का अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए सामान्य ऑब्जर्वर सुखबीर सिंह।

लोकसभा चुनाव-2024 के मध्यनजर बुधवार को शहर के जिमखाना क्लब में चुनाव से जुड़े अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रुप से सामान्य ऑब्जर्वर सुखबीर सिंह ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने की। बैठक में सामान्य ऑब्जर्वर सुखबीर सिंह ने अंबाला संसदीय क्षेत्र के चुनाव के लिए कई गई तैयारियों की समीक्षा की। इसके बाद सामान्य ऑब्जर्वर ने संवेदनशील बूथों व मतगणना केंद्रों का दौरा कर निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को चुनाव सफलता पूर्वक संपन्न करवाए जाने के लिए दिशा निर्देश दिए। सामान्य ऑब्जर्वर सुखबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चुनाव आयोग की हिदायतों की शत प्रतिशत अनुपालना सुनिश्चित की जाए। बेहतर समन्वय बनाकर इस कार्य को सफलता पूर्वक संपन्न करवाएं। इसके बाद उन्होंने तेजली व गधौली के क्रिटिकल पोलिंग बूथों तथा चारों विधानसभाओं के मतगणना केंद्रों का भी अवलोकन किया। उन्होंने चुनाव संबंधी आने वाली शिकायतों के टोल फ्री नम्बर 1950 के बारे में विस्तार से जानकारी ली। मौके पर उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने सामान्य ऑब्जर्वर को अवगत करवाया कि अंबाला संसदीय क्षेत्र में चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना सुनिश्चित की जा रही है। सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सुविधाएं मुहैया करवाए जाने की सभी तैयारियों की गई हैं। एफएसटी, एसएसटी व वीवीटी टीमें फील्ड में रहकर हर गतिविधि पर नजर रखकर कार्य कर रहीं है। सी-विजिल ऐप के माध्यम से भी जो भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उनका भी समय रहते यानि सौ मिनट के अंदर मौके पर जाकर टीमें समाधान कर रही हैं। मतदान प्रतिशत बढ़े, इसके लिए स्वीप गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। आयोग की हिदायतों अनुसार ईवीएम, वीवीपैट की रेंडमाइजेशन का कार्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कर लिया गया है।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किया जा रहा प्रयास

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने सामान्य ऑब्जर्वर सुखबीर सिंह को बताया कि पिछले चुनाव की अपेक्षा इस बार मतदान प्रतिशत बढ़े। इसके लिए निरंतरता में कार्य किया जा रहा है। पिंक बूथ, पीडब्ल्यूडी बूथ के साथ साथ सभी बूथों पर बेहतर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। ताकि मतदाता को मतदान करते समय किसी प्रकार की परेशानी ना हो। पीठासीन व वैकल्पिक अधिकारियों को भी प्रशिक्षण दिलवाकर चुनाव के सफल आयोजन के निर्देश दिए गए हैं। मौके पर पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रूप से संपन्न करवाने के लिए सभी तैयारियां की जा रही है। इस अवसर पर एआरओ यमुनानगर आयुष सिन्हा,एआरओ जगाधरी सोनू राम, एआरओ साढ़ौरा देवेन्द्र शर्मा, सीटीएम पीयूष गुप्ता व चुनाव तहसीलदार गुलशन शर्मा आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित दंत जांच शिविर में बच्चों के दांतो की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

# दांतों को स्वस्थ रखने के लिए देखभाल जरूरी

- दिल्ली पब्लिक स्कूल में डीएवी डेंटल कॉलेज द्वारा दंत चिकित्सका शिविर का किया आयोजन
- शिविर में बच्चों के जांचे दांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जगाधरी-अंबाला मार्ग स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल बंभौली में डीएवी डेंटल कॉलेज यमुनानगर के तत्वावधान में दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डीएवी डेंटल कॉलेज की 12सदस्यीय चिकित्सकों की टीम ने बच्चों के दांतो की जांच की और उन्हें दांतो बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन राम निवास गर्ग ने किया। शिविर में डीएवी डेंटल कॉलेज यमुनानगर के दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित भाटिया, डॉ. अनमोल समेत बारह सदस्यीय चिकित्सकों की टीम ने विद्यालय के सभी कक्षाओं के बच्चों के दांतो की जांच की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को ओरल हाईजीन रखने और दांतों की नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. सुमित भाटिया व डॉ. अनमोल ने विद्यार्थियों को बताया कि दांतों की उचित देखभाल बहुत जरूरी है। इसके लिए हमें अपने खान-पान पर ध्यान देने के साथ-साथ दिन में दो बार ब्रश जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें नियमित रूप से दांतों की जाँच करवाते रहना चाहिए। विद्यालय के चेयरमैन रामनिवास गर्ग व प्रधानाचार्या मनीषा सिंह ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मौखिक स्वास्थ्य एवं दांतों की उचित देखभाल करने हेतु जागरुक करना रहा। उन्होंने डॉ. सुमित भाटिया व डॉ. अनमोल एवं उनकी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

# निकिता ने शूटिंग में जीता स्वर्ण पदक

- गुरु नानक खालसा कॉलेज में स्वर्ण पदक विजेता एनसीसी कैडेट् निकिता का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज की स्वर्ण पदक विजेता छात्रा निकिता खुशी जताते हुए।

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर की एनसीसी कैडेट निकिता ने चंडीगढ़ में आयोजित इंटर ग्रुप शूटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर कॉलेज व जिले का नाम रोशन किया है। बुधवार को छात्रा निकिता के कॉलेज में पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग व कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने स्वागत किया और उसे बधाई और शुभकॉमनाएं दी। कॉलेज प्रिंसीपल डॉ. मेजर एचएस कंग ने बताया कि गत दिवस चंडीगढ़ में इंटर ग्रुप शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उनके कॉलेज की छात्रा व 14 हरियाणा बटालियन एनसीसी की कैडेट् निकिता ने भी भाग लिया। निकिता ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर कॉलेज व जिले का नाम रोशन किया। जो कॉलेज के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि निकिता की असाधारण उपलब्धि उनके समर्पण और उत्कृष्टता की निरंतर खोज का प्रमाण है। मौके पर 14 हरियाणा बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जरनैल सिंह और प्रशासनिक अधिकारी कर्नल संदीप शर्मा ने कहा कि निकिता ने अनुकरणीय कौशल और अनुशासन का प्रदर्शन किया है। जो एनसीसी द्वारा स्थापित मूल्यों को दर्शाता है। रविता सैनी और डॉ. जोशप्रीत सिंह ने कहा कि निकिता की सफलता पूरे कॉलेज समुदाय के लिए गर्व का स्रोत है। शूटिंग के प्रति उनके दृढ़ संकल्प और जुनून ने वास्तव में काम किया है और अपने साथी छात्रों के लिए एक मानक स्थापित किया है। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने छात्रा निकिता को बधाई दी।

# वंशिका ने जीती पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

- जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में बुधवार को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य शीर्षक मानवता को जीवित रखने एवं छात्रों के मन में भाव को जगाना रहा। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों को पोस्टर बनाकर अपनी कल्पनाओं और कलात्मक क्षमताओं का प्रदर्शन करने का अवसर मिला। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग भी लिया।

प्रतियोगिता में वंशिका ने पहला, रिया ने दूसरा व बबीता तथा सिमरनजीत कौर ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जेएमआईटी की रीनम भारद्वाज ने सभी को एक-दूसरे का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के निदेशक डॉ.एस के गर्ग ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इस प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। मौके पर हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ.एलएस रीन, डॉ.यूपी सिंह, डॉ.वंदना, अनुजा गोयल व प्राची सेठ आदि मौजूद थे।

# रेलवे वर्कशॉप कर्मचारी पर चाकू से किया हमला

- पुलिस ने एक युवक को नामजद करते हुए एक अन्य के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जगाधरी वर्कशॉप चुंगी के पास बाइक सवार दो युवकों ने रेलवे वर्कशॉप कर्मचारी पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार गांव महरमपुर निवासी रूपचंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रेलवे वर्कशॉप में नौकरी करता है। वह पांच मई को अपने रिश्तेदार नरेश कुमार की दुकान पर तेजली स्टेडियम के पास गया था। रात को साढ़े 12 बजे जब वह बाइक पर वर्कशॉप की तरफ आ रहा था तो मुंडा माजरा निवासी सुमित व अन्य युवक ने बाइक से उसका पीछा शुरू कर दिया।

वर्कशॉप चुंगी के पास आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जेब से चाकू निकालकर उसके पेट में मारा। इस दौरान दो अन्य युवक वहां आ गए। जिन्हें देखकर आरोपी वहां से भाग गए। उसने मामले की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी सुमित को नामजद करते हुए एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# छात्रा रिया बनी भक्ति सदन की कप्तान

- न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर में शक्ति,भक्ति, शांति व प्रगति सदन का हुआ गठन
- चारों सदनों के नियुक्त किए कप्तान व उपकप्तान और दिलाई अनुशासन की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में चयनित हुए बच्चे स्टॉफ सदस्यों के साथ खुशी जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर में नए शिक्षा सत्र के दौरान स्कूल में अनुशासन बनाए रखने व अन्य गतिविधियों में जिम्मेदारियां संभालने के लिए चार सदनों शक्ति, भक्ति, शांति व प्रगति सदन का गठन किया गया। इन सदनों के सर्वसम्मति से कैप्टन व उप कैप्टन बनाए गए। मौके पर हैड गर्ल्स व हैड ब्वॉय का चुनाव भी किया गया। सभी चयनित बच्चों को बैज लगाकर सम्मानित किया गया और उन्हें स्कूल में अनुशासन बनाए रखने व अपना कर्त्तव्य निष्ठा और ईमानदारी से संभालने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जीएस शर्मा ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता स्कूल की मुख्याध्यापिका डॉ. बिंदु शर्मा ने की। स्कूल की मुख्याध्यापिक डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में गठित किए गए भक्ति सदन की छात्रा रिया को कप्तान और गुरप्रीत सिंह को उप कप्तान चुना गया।

वहीं, प्रगति सदन के शगुन को कप्तान व दिग्विजय को उप कप्तान चुना गया। शांति सदन में सिमरन को कप्तान व युवराज को उप कप्तान बनाया गया। जबकि शक्ति सदन में यशिका धीमान को कप्तान व इशीत को उप कप्तान बनाया गया। विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने के लिए नुकांत गुलाटी को हेड ब्वॉय व तनिशा वालिया को हेड गर्ल चुना गया। वहीं, स्कूल में खेल व अन्य गतिविधियों को संभालने के लिए विशाल को खेल व वंश को ऐक्टिविटी अध्यक्ष के रूप में चुना गया।

मौके पर प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा व स्कूल सचिव विकास शर्मा ने चारों सदनों के कप्तानों व उपकप्तानों समेत अन्य चयनित किए गए विद्यार्थियों को बैज लगाकर सम्मानित किया।

# सफेदे के पेड़ काटने का विरोध किया तो दंपती पर हमला

- पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

गांव बहादरपुर में खेतों में खड़े सफेदे के पेड़ काटने का विरोध करने पर कुछ लोगों ने दंपत्ति पर हमला कर घायल कर दिया। घायल दंपत्ति का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव बहादरपुर निवासी सवाला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने पति असलम के साथ खेत में भूसा एकत्र कर रही थी। तभी खेत पर तिलकनगर निवासी हासिम, मानीपुर निवासी मोहब्बत अली और गाड़वाली निवासी विक्की, जोगीवाडा निवासी हवा सिंह, चंतपुर निवासी चिडा पहुंचे। आरोपी वहां आकर उनके खेत में खड़े सफेदे के पेड़ों पर अपना हक जमाने लगे। आरोपियों ने कहा कि वह इन सफेदे के पेड़ों को काटेंगे। जब उसने व उसके पति ने विरोध किया तो उन्होंने उन दोनों पर हमला कर दिया। जिससे वह दोनों घायल हो गए। इसके बाद आरोपी वहां से चले गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांचों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### अधिकारियों व कर्मचारियों ने की चुनाव की रिहर्सल

# पटवारी व ग्रामसचिवों की चुनाव में होती है अहम भूमिका

- बिलासपुर के एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने रिहर्सल कार्यक्रम में दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। जिमखाना क्लब में साढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र के अधिकारियों व कर्मचारियों को रिहर्सल के दौरान दिशा निर्देश देते हुए सहायक रिटर्निंग अधिकारी देवेंद्र शर्मा।

जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा चुनाव को संपन्न करवाए जाने के लिए शहर के जीएम खाना क्लब में साढ़ौरा विधासभा से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव की रिहर्सल करवाई गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में बिलासपुर के एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी साढ़ौरा विधानसभा के देवेंद्र शर्मा ने भाग लिया। एसडीएम बिलासपुर एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी साढ़ौरा विधानसभा देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष करवाने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों की अहम जिम्मेवारी होती है। मतदान के दौरान आने वाली ज्यादातर समस्याओं का हल अपने विवेक से कर सकते हैं।

### पुलिसकर्मी को भी मतदान केन्द्र के बाहर ही रहना होता

मौके पर उन्होंने पटवारी, ग्राम सचिव व संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव से संबंधित बारीकियां बताई । इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों की रिहर्सल भी करवाई गई। एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने कहा कि चुनाव को संपन्न करवाने के लिए पटवारी, ग्राम सचिव की अहम भूमिका होती है। ऐसे में इस टीम के प्रत्येक सदस्य को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की पूरी जानकारी होनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब तक पोलिंग पार्टी को मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी नहीं होगी और वह समस्याओं को लेकर क्लियर नहीं होंगे। तब तक चुनाव के दौरान बाधा आने की संभावना बनी रहती है। निर्वाचन आयोग के नियमों को ही निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव का आधार माना गया है। शर्मा ने कहा कि कोई भी ड्यूटी पर तैनात या वर्दी में पुलिसकर्मी मतदान केन्द्र के अंदर नहीं जा सकता है। ड्यूटी पर भेजे गए पुलिसकर्मी को भी मतदान केन्द्र के बाहर ही रहना होता है।

# प्राथमिक चिकित्सा की दी जानकारी

- स्वराज पब्लिक स्कूल रादौर में मनाया गया विश्व रैडक्रॉस दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। स्वराज पब्लिक स्कूल रादौर में बच्चों को विशेष जानकारी मुहैया करवाते विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

स्वराज पब्लिक स्कूल रादौर में बुधवार को स्काउट एंड गाइड विभाग के अधिकारियों के साथ विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष प्रार्थना सभा द्वारा किया गया। जिसमें अध्यापिका प्रियंका ने भाषण के माध्यम से विद्यार्थियों को इस विशेष दिन की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों ने सभी को विश्व रेडक्रॉस दिवस की मौखिक जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा से अवगत करवाया कि कब, क्यों और कैसे यह प्राथमिक चिकित्सा हम सबको आना आवश्यक हैं। उन्होंने बच्चों को मौखिक जानकारी के साथ-साथ प्रायोगिक जानकारी भी दी कि कैसे आग से जलने पर, बिजली से करंट लगने पर, साँप के काटने पर, खेलकूद के दौरान घायल होने पर, बेवजह नाक से खून बहने पर, पानी में डूबने पर, घरेलू गैस से आग लग जाने पर हमें किस प्रकार स्वयं को और दूसरों का बचाव करना चाहिए। मुख्याध्यापिका पूजा जौली कालरा ने सभी अधिकारियों को सम्मानित करते हुए उन्हें उपहार स्वरूप पौधे प्रदान किए।

**खबर संक्षेप**



### श्रीमद्भागवत महापुराण कथा आयोजित

**थानेसर।** श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति सेवा के तत्वावधान में आयोजित सेक्टर-8 संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के छटे दिवस पर संस्थापक अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने कहा महाभारत का युद्ध खत्म हो गया था। भगवान श्रीकृष्ण द्वारिका लौट रहे थे। श्री कृष्ण को पांडव अपने शरीर का हिस्सा मानते थे, जिसके अलग होने के भाव से ही वे कांप जाते थे। इस अवसर पर मुख्य यजमान सुशील चित्रा, पण्डित पुरुषोतम शर्मा, सतीश मदान आदि मौजूद रहे।

### किसानों के बीच पहुंचे डॉ. सुशील गुप्ता

**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने बुधवार को थानेसर की अनाज मंडी में बीज के लिए लाइन में लगे किसानों की समस्याएं जानी। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बीजेपी सरकार किसानों को परेशान कर रही है। किसान बीज के लिए कई कई घंटे लाइन में लगे रहते हैं इसलिए मैं बीजेपी सरकार को चेतावनी देता हूं कि सरकार व्यवस्था को सुधारे और किसानों को बीज उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि ये देश के अन्नदाता हैं यदि इनको बीज के लिए लाइन में लगना पड़ रहा है और बीज ब्लैक में खरीदना पड़ रहा है तो ये स्थिति सही नहीं है।

### विशाल भंडारा एवं कव्वाली आज

**कुरुक्षेत्र।** पीर बाबा अस्तबली सरकार का 20वां विशाल भंडारा एवं कव्वाली कार्यक्रम 9 मई को जीटी रोड स्थित पीर बाबा अस्तबली अस्थान गांव सम्भालखी में होगा, जिसमें इलाके के अलावा प्रदेश भर से श्रद्धालु शिरकत करेंगे। बाबा के प्रमुख सेवादार दलबीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में ब्लॉक समिति शाहाबाद मारकंडा की सदस्या एवं आम आदमी पार्टी नेत्री सीमा रानी संभालखी मुख्य यजमान होंगी। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के सहयोग से हर साल ऐसा कार्यक्रम श्रद्धा और उल्लास से किया जाता है।

### हत्या के मामले में दो और आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**पिहोवा।** नगर के व्यापारी से फिरौती मांगने व फिरौती का पैसे ना देने पर घर में घुसकर परिजनों पर जानलेवा हमला करने व व्यापारी के भाई की हत्या करने के मामले मे पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामले की जांच कर रही अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने फिरौती मांगने व हत्या करने के आरोप में रोहित उर्फ तोता व रमन उर्फ मोन्टी वासी कलसाना को गिरफ्तार किया है। पीएसआई जसबीर सिंह की टीम ने आरोपी राजदीप उर्फ राजू निवासी जाजनपुर कैथल, दीपक उर्फ सहवाग वासी ढांड व अमन निवासी रूपनगर शाहबाद को गिरफ्तार कर लिया था।

# कुरुक्षेत्र लोकसभा में 17 लाख 94 हजार 300 मतदाता करेंगे अपने मत का प्रयोग

### आज नामांकन वापस लेने का अंतिम दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

लोकसभा आम चुनाव 2024 में कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र की 9 विधानसभा क्षेत्रों से 17 लाख 94 हजार 300 मतदाता अपने मत के अधिकार का प्रयोग करेंगे। इस लोकसभा क्षेत्र में कुरुक्षेत्र जिले में 7 लाख 66 हजार 977 मतदाता, कैथल जिले से 8 लाख 19 हजार 284 और रादौर हल्का से 2 लाख 8 हजार 39 मतदाता शामिल है। इस लोकसभा क्षेत्र की 9 विधानसभा क्षेत्रों में 1848 बूथ बनाए गए है। जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से जारी लोकसभा आम चुनाव के कार्यक्रम के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से नामांकन के आखिरी दिन तक 38 उम्मीदवारों ने 49 नामांकन दाखिल किए थे, इन नामांकनों में से छंटनी के उपरांत 4 नामांकनों को रद्द कर दिया गया है और 34 उम्मीदवारों के नामांकन को स्वीकार किया गया है। अब प्रत्याशी 9 मई को अपने नामांकन वापिस ले सकते है। नामांकन वापिस लेने के उपरांत प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे और 25 मई को मतदान होगा तथा 4 जून को मतों की गणना का कार्य किया जाएगा। कुरुक्षेत्र जिले की लाडवा विधानसभा क्षेत्र में 195381 मतदाताओं में 94260 महिला और 2 वोट थर्ड जेंडर के है, शाहबाद विधानसभा क्षेत्र में 171257 मतदाताओं में 81648 महिला और 2 थर्ड जेंडर मतदाता है। उन्होंने कहा कि थानेसर विधानसभा क्षेत्र में 214133 मतदाताओं में 103213 महिला व 3 थर्ड जेंडर तथा पिहोवा विधानसभा क्षेत्र में 186206 में से 89552 महिला व 4 वोट थर्ड जेंडर के है। इस प्रकार कुरुक्षेत्र जिले में कुल 766977 मतदाताओं में से 3 लाख 68 हजार 673 महिला व 11 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल है। उन्होंने कहा कि कैथल की गुहला, कलायत, कैथल व पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में 8 लाख 19 हजार 284 तथा यमुनानगर की रादौर विधानसभा क्षेत्र में 208039 मतदाता है।



कुरुक्षेत्र। जानकारी देते उपायुक्त शांतनु शर्मा।

#### कुरुक्षेत्र जिला की चारों विधानसभा में बनाए गए है मॉडल पोलिंग स्टेशन

कुरुक्षेत्र जिले की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मॉडल पोलिंग स्टेशन लोकसभा चुनावों के दौरान बनाया गया है। इस प्रकार इस जिले में 4 मॉडल पोलिंग स्टेशन, 4 महिला पोलिंग स्टेशन और 4 पीडब्लयूडी पोलिंग स्टेशन और 4 युवा पोलिंग स्टेशन बनाए गए है। इन सभी पोलिंग स्टेशनों पर इनके नाम के अनरुप स्टाफ की नियुक्ति की गई है।

#### 85 वर्ष से ज्यादा आयु वर्ग के 24508 मतदाता

जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से ज्यादा आयु वर्ग के 24508 मतदाता है, जिसमें कुरुक्षेत्र जिला में 10635 मतदाता, कैथल जिला में 11021 मतदाता और यमुनानगर की रादौर विधानसभा में 2852 मतदाता शामिल है। कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में 18 व 19 वर्ष के 37142 मतदाता है, पीडब्लयूडी के 16438 और 5522 सर्विस इलेक्टर्स पर्सन के वोट शामिल है।

#### 24 एफएसटी और 24 एसएसटी टीमों का गठन

लोकसभा आम चुनाव-2024 को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए प्रशासन की तरफ से 24 फ्लाईंग स्क्वायड टीम, 24 स्टेटिक सर्विलांस टीम, 24 जोनल मजिस्ट्रेट, 67 सेक्टर अधिकारी, वीडियो सर्विलांस टीम, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग टीम, वीडियो व्यूईंग टीम, एमसीएमसी टीमें क का गठन किया गया है।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर जिलेभर में कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

# राष्ट्रीय एकता की भावना से कार्य करने की दिलाई शपथ

### निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा ही रेडक्रॉस का उद्देश्य : प्रो. सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र





कुरुक्षेत्र। यूथ रेडक्रॉस वालंटियर्स को संबोधित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा ही रेडक्रॉस का उद्देश्य है। मानवता को जीवित रखने के लिए, पीड़ितों एवं जरूरतमंदों लोगों की सहायता करने के लिए रेडक्रॉस की समाजसेवी भावना सदैव प्रेरित करती है। वे बुधवार को केयू परिसर में विश्व रेडक्रॉस दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने यूथ रेडक्रॉस स्वयंसेवकों सहित सभी को मानवता एवं समाज कल्याण की भावना, निष्पक्षता, स्वैच्छिक सेवा तथा राष्ट्रीय एकता की भावना से कार्य करने की शपथ दिलाई व इसके 7 सिद्धांतों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में मुख्य अतिथि प्रो. सोमनाथ सचदेवा व विशिष्ट अतिथि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा को रेडक्रास कैप, बैज व स्कार्फ वोगल से सम्मानित किया गया। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ ने कहा कि पूरे विश्वभर में रेडक्रॉस संस्था कई नामों से मानवता की सच्ची भावना के साथ कार्य कर रही है व जिसे सर जीन हैनरी ड्यूनेट के जन्मदिवस पर विश्व रेडक्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है।

171 देश इसके सदस्य हैं व 1.6 करोड़ वालंटियर्स वाली यह संस्था विश्व की बड़ी मानवतावादी संस्थाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि केयू यूथ रेडक्रॉस ने भी कोरोना काल में 2020-21 व 2021-22 में फ्री किचन के माध्यम से कोरोना प्रभावित लोगों के घर पर खाना पहुंचाया तथा कुरुक्षेत्र के गांवों में बाढ़ आने पर लोगों की सहायता की। उन्होंने कहा कि केयू यूथ रेडक्रॉस द्वारा समय-समय पर रक्तदान एवं प्राथमिक चिकित्सा, रोड सेफ्टी शिविरों का भी आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए उपस्थित सभी विभागाध्यक्षों को प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स भी प्रदान किए गए तथा यूथ रेडक्रॉस वालंटियर्स, प्रोग्राम काउंसलर व फील्ड कोऑर्डिनेटर को सराहनीय कार्य करने पर सर्टिफिकेट भी प्रदान किए।

इससे पहले केयू यूथ रेडक्रॉस के कोऑर्डिनेटर प्रो. दिनेश राणा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि रेडक्रॉस संस्था धर्म, राजनीति, देश की सीमाओं में न बंधकर मानवता एवं पीड़ितों के कल्याण के लिए कार्य करती है। इस अवसर पर कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. रीटा, प्रो. डीएस राणा, प्रो. निरुपमा भट्टी, प्रो. शुचिस्मिता, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, डॉ. रमेश सिरोही, डॉ. कृष्णा अग्रवाल, डॉ. अमिता मित्तल, डॉ. दीपक राय बब्बर, डॉ. मंजू नरवाल, डॉ. जतिन, कुलपति के ओएसडी पवन रोहिल्ला, डॉ. सतोष कुमार, योगेश जांगड़ा, अधीक्षक मनीष खुराना, प्रवीन कुमार सहित यूथ रेडक्रॉस वालंटियर्स मौजूद रहे।

#### रेडक्रास दिवस पर चलाया अभियान



**कुरुक्षेत्र।** विश्व रेडक्रास दिवस पर जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा टीबी के प्रति जागरूक अभियान चलाया गया। ब्रह्मसरोवर पर आए श्रद्धालुओं और आसपास की झुग्गी-झोपड़ियों में लोगों को टीबी के प्रति जागरूक किया गया। टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि की अगुवाई में लोगों को क्षय रोग के प्रति बचाव और नियमित रूप से दवाई व चेकअप की जानकारी दी गई। इसके साथ ही टीबी हारेगा-देश जीतेगा संदेश को भी आमजन तक पहुंचाया। जिला रेडक्रास सोयायटी सचिव डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला चेयरमैन शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए स्लम बस्तियों, गांवों और श्रमिकों को बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। हरियाणा रेडक्रास सोसायटी के राज्य महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल ने निदेर्शानुसार टीबी उन्मूलन अभियान के तहत रेडक्रास द्वारा वर्ष 2025 तक टीबी समाप्त करने के लक्ष्य के तहत रोडमैप तैयार कर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। टीबी को हराने के लिए सभी के साझे प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने समाजसेवी सस्थाओं से निक्षय मित्र बनकर टीबी के गरीब मरीजों को गोद लेने की अपील की। रेडक्रास टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि ने बताया कि रेडक्रास की ओर से ड्राप आउट क्षय रोगियों का इलाज शुरू करने के साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों को पौष्टिक आहार किट भी वितरित की जा रही हैं। रेडक्रास वालंटियर की ओर से गांवों में भी आमजन को जागरूक किया जा रहा है और बचाव सामग्री भी वितरित की जा रही हैं। सरकार की ओर से टीबी जागरूकता को लेकर जो कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं, उनमें भी रेडक्रास सोसायटी बढ़-चढकर हिस्सा लेती है। इस अवसर पर वालंटियर राहुल व जोगेंद्र मौजूद रहे।

## अग्रवाल डेंटल क्लिनिक ने लगाया फ्री डेंटल चेकअप कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



अग्रवाल डेंटल क्लिनिक के द्वारा फ्री डेंटल चेकअप कैंप आदर्श सीनियर सकेंडरी स्कूल बरगट में लगाया गया। इसमें डॉ. दीपक अग्रवाल, डा. आरूषि पराशर, डा. सेजल वधवा, डा. सुकन्या व डॉ. तान्या कक्कड़ के द्वारा 1000 बच्चों के दांतों की जांच की गई और फ्री टुथपेस्ट, टुथब्रश और पेनकिलर्स दिए गए। बच्चों को मीठा कम खाने की हिदायत दी गई। साथ में 2 बार ब्रश सुबह और रात को करने की सलाह दी गई। डा. दीपक अग्रवाल ने कहा हम रोजाना जिदगी में दिन में केवल एक बार ही ब्रश सुबह करते हैं, जबकि खाना खाने के बाद भी हमें ब्रश करना चाहिए, क्योंकि खाने के कुछ पदार्थ हमारे दांतो के बीच रह जाते हैं जिनका बाहर निकलना बेहद जरूरी होता है। अगर यह दांतों के बीच रह जाएंगे तो कीटाणु बनकर हमारे दांतों को खराब करेंगे। इस मौके पर स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की ओर से डाक्टरों की टीम को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर समूह स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।



कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम में सहभागिता करते विद्यालय के छात्र

#### गीता निकेतन विद्या मंदिर में मातृ दिवस मनाया

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन विद्या मंदिर, सेक्टर- 3 विद्यालय में मातृ दिवस का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य बालकों के मन में अपनी मां के प्रति श्रद्धा और प्रेम जगाना तथा माताओं को सम्मान देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः वंदना स्तर में दीप प्रज्वलन के साथ दयानंद सदन द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कक्षा द्वितीय से अष्टम तक के छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियों के द्वारा सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय आचार्या कविता ने छात्रों को बताया कि- मां एक ऐसा शब्द है, जिसमें सारा संसार व्याप्त है। संसार को चलाने वाली बच्चों के लिए संसार से लड़ जाने वाली अपनी हर संतान को बराबर प्यार देने वाली मां होती है। मां अपना पूरा जीवन अपने परिवार के लिए समर्पित कर देती है। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और बताया कि हमारा विद्यालय नन्हें बालकों में संस्कार डालने के लिए सदा प्रयत्नशील रहता हैं। छोटे -छोटे कार्यक्रम के माध्यम से हम बालकों के मन में संस्कारों को स्थाई रूप देने का कार्य करते हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि जिंदगी में पहली शिक्षक मां होती है और जिंदगी में पहली दोस्त भी मां होती है ।

## कैथल के वैज्ञानिक को कनाडा में मिली नागरिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा के जिला कैथल के निवासी वैज्ञानिक डा. सतीश टूटेजा को परिवार सहित कनाडा की स्थाई नागरिकता मिलने पर उनके परिजनों ने खुशी जाहिर की है। सतीश टूटेजा ने वर्ष 2016 में केंद्रीय अनुसंधान इंस्टिट्यूट चण्डीगढ़ से पीएचडी की है।

इसके उपरांत 2021 में दक्षिण कोरिया विश्वविद्यालय से पोस्ट पीएचडी की। वर्ष 2019 से लेकर 2021 तक कनाडा की यूनिवर्सिटी में एसीस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्य किया। वर्ष 2021 से डा. सतीश टूटेजा कनाडा में अपना बिजनेस संभाल रहे है। सतीश टूटेजा की शादी कुरुक्षेत्र निवासी एडवोकेट मधुसूदन बवेजा की पुत्री कृतिका के साथ वर्ष 2013 में हुई थी। मधुसूदन बवेजा किसान कांग्रेस के कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट एवं पूर्व पार्षद है। बवेजा के बेटे भी कनाडा में सॉलिसिस्टर एवं बैरिस्टर और पुत्रवधु आईटी सेल में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। मधुसूदन बवेजा की पत्नी सुषमा बवेजा बतौर उपनिदेशक ज़िला उद्योग केंद्र कुरुक्षेत्र में पदासीन है।

## दो दिवसीय संस्कृति बोधमाला अनुवाद कार्यशाला का आयोजन

- अब भारतीय संस्कृति को अंग्रेजी माध्यम में भी आत्मसात कर सकेंगे विद्यार्थी : डॉ. रामेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



दो दिवसीय संस्कृति बोधमाला अनुवाद कार्यशाला में भाग लेते प्रतिभागी।

विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान में दो दिवसीय संस्कृति बोधमाला अनुवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. रामेन्द्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थी अपने विषय तो पढेंगे ही, साथ ही भारतीय संस्कृति को कैसे समाहित करें इसकी मूलभूत जानकारी संस्कृति बोधमाला पुस्तकों में दी गई है। इन पुस्तकों को पढ़कर अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी भारतीय संस्कृति की जानकारी आत्मसात कर सकेंगे। कक्षा 3 से 12 तक तैयार की गई ये पुस्तकें 8 विषयों पर आधारित हैं। हमारी भारत माता, हमारा भारत राष्ट्र, हमारी भारतीय संस्कृति, हमारी परिवार व्यवस्था, हमारी ज्ञान परम्परा, हमारी वैज्ञानिक परम्परा, हमारा गौरवशाली अतीत, हमारी संस्कृति का विश्व संचार विषयक सामग्री का अलग-अलग समूह बनाकर हिन्दी से अंग्रेजी भाषा में अनुवाद कार्य संपन्न हुआ। इससे उनके विषय में और प्रगाढ़ता आएगी।

## हरियाणा पिछड़ा वर्ग पूरी तरह से संगठित : रामकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर



थानेसर। रामकुमार रंबा।

हरियाणाा पिछड़ा वर्ग महासभा के के अध्यक्ष रामकुमार ने सिरसला रोड कुरुक्षेत्र में स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग के तमाम प्रधानों- प्रकोष्ट प्रभारी, कार्यकारिणी संरक्षकों व मैंबरों ब्लॉक अध्यक्षों की लोकसभा चुनाव में करनाल विधानसभा में ड्यूटी लगाई गई। उन्होंने कहा कि हरियाणा पिछड़ा वर्ग पूरी तरह से संगठित हो चुका है। हरियाणा पिछड़ा वर्ग ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जी के कार्य व नीतियों को देखते हुए वर्ष 2014 में भारतीय जनता पार्टी को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष समर्थन दिया था और सारे हरियाणा में तमाम कार्यकर्ताओं ने नीतियों का प्रचार-प्रसार करके पूरा बहुमत से सरकार बनाई। इस तरह वर्ष 2019 में हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा ने अहम भूमिका निभाई थी। सभा ने पूरी तरह से प्रचार-प्रसार किया। रंबा ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा 2009 से लगातार 6 बार प्रदेश अध्यक्ष बना मैंने पार्टी को भली-भांति समझा और सरकार ने पिछड़ा वर्ग की बात को सुनकर पिछड़ा वर्ग को हक दिलाया है।

## विद्यार्थियों को पूरे जोश के साथ संगीत सीखना चाहिए : ऋषिराज

- वंदना के पश्चात आए हुए अतिथियों का स्वागत पोधायौर अंग वस्त्र देकर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र संकुल में बाल केंद्रित संगीत वर्ग का आयोजन श्रीमद्भगवाद गीता वरिष्ठ मध्यमिक विद्यालय में 7 से 8 मई 2024 को हुआ। इस वर्ग में 9 विद्यालय के 10 आचार्य भैया बहनों और उनके साथ आए 36 छात्र भैया बहनों ने प्रतिभागीता की। वर्ग का शुभारंभ डॉ. ऋषि राज वशिष्ठ अध्यक्ष हिंदू शिक्षा समिति, कमलेश पंत विशेष अतिथि, सेवानिवृत संगीत आचार्य, अनिल कुलश्रेष्ठ प्राचार्य गीता विद्यालय , वीरेंद्र वालिया प्रबंधक, सोमदत्त प्राचार्य मेजर नितिन बाली विद्यालय कुरुक्षेत्र, संकुल प्रक्षिषण प्रमुख, नारायण प्राचार्य गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, यशपाल वाधवा प्राचार्य गीता विद्या मंदिर, सुमित प्राचार्य गीता विद्या मंदिर, सेक्टर 3 ने मां शारदा के चरणों में दीप प्रज्वलन कर किया। वंदना के पश्चात आए हुए अतिथियों का स्वागत पोधायौर अंग वस्त्र देकर किया गया। ऋषि राज ने अपने वक्तव्य में कहा कि संगीत बहुत ही सुन्दर विषय है। इसके समान कोई अन्य विषय नहीं है। सबको पूरे जोश के साथ संगीत सीखना चाहिए। माननीय कमलेश पंत ने छात्रों को जीवन में कुछ करना है तो मन को मारे मत बैठो गीत सिखाया। इस दो दिवसीय कार्यशाला में स्वर अभ्यास, वंदना अभ्यास, गीतों का अभ्यास, प्रातः स्मरण, एकात्माता मंत्र, एकात्मता सत्रोत्म, गुरु बानी,महावीर वाणी, वाद्य यंत्रों का अभ्यास करवाया गया।

### कुवि में पर्यावरण संरक्षण पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

# भारत में जैव विविधता का लंबा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. दीपक राय बब्बर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वप्रथम पर्यावरण के विभिन्न तत्वों को जानना महत्वपूर्ण है। वह बुधवार को कुवि के इंस्टिट्यूट ऑफ इंटीग्रेटिड एंड आनर्स स्टडीज(आईआईएचएस) के इको एंड नेचर क्लब के तत्वावधान में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के सौजन्य से भारत में वन्य जीवन के संदर्भ में पर्यावरण संरक्षण का इतिहास विषय पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में बोल रहे थे। डॉ. दीपक राय बब्बर ने कहा कि भारत में पाई जाने वाली जैव विविधता के संरक्षण में एक बड़ा इतिहास है। भारत में पाई जाने वाली विविधता का 7-8 प्रतिशत है। उन्होंने हरियाणा में वन्य जीवों के संरक्षण के लिए आरक्षित क्षेत्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण व जनसंख्या नियंत्रण से हम वन्य व जैव विविधता को संरक्षित कर सकते हैं। जैव विविधता का संरक्षण हमें स्थानीय स्तर से शुरू करना चाहिए। आईआईएचएस की प्राचार्या प्रो. रीटा ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हम अपने विश्वविद्यालय के स्तर से छोटी-छोटी गतिविधियों द्वारा अपने पर्यावरण को सुरक्षित करने में अहम योगदान दे सकते हैं। क्लब के संयोजक प्रो. परमेश कुमार ने इको नेचर क्लब के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों के माध्यम से आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सकता है। क्लब की संयोजिका डॉ. सरिता राणा ने विद्यार्थियों को इको एवं नेचर क्लब की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रिया ने मंच का संचालन किया व साहिल ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रो. अश्विनी मित्तल, प्रो. अमृत, डॉ. कुलविन्द्र कौर, डॉ. कविता, डॉ. रितु सैनी, डॉ. ज्योति चौहान, डॉ. नितांत, डॉ. शिवानी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना सेक्टर-9 में दर्ज मारपीट कर आपत्तिजनक फोटो वायरल करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी लोकेश उर्फ सिकंदर को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 25 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 मार्च 2024 को आरोपी लोकेश ने उसके घर में घुस कर उस पर हमला कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी शामिल जांच

अंबाला। थाना अंबाला छावनी में दर्ज अधिकृत कंपनी के धार्मिक कार्यक्रमों का बिना अनुमति के धोखाधड़ी से प्रसारण करने के मामले में पुलिस ने आरोपी अजीत सिंह को शामिल जांच किया। परिवादी कुलदीप सिंह ने 29 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 23 नवंबर 2023 से 29 मार्च 2024 के दौरान किसी ने उसकी अधिकृत कंपनी के धार्मिक कार्यक्रमों का बिना अनुमति के धोखाधड़ी से प्रसारण करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### कबूतरबाजी के मामले में महिला शामिल जांच

अंबाला। थाना महेशनगर में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को शामिल जांच किया है। बोह के भोला ने 24 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15 सितंबर 2023 से 15 नवंबर 2023 के दौरान आरोपी महिला व अन्य ने उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### आईएसबीटी दिल्ली तक बस चलाने की मांग

बराड़ा। परिवहन मंत्री असीम गोयल से बराड़ा के ग्रामीणों ने बराड़ा से आईएसबीटी दिल्ली तक बस चलाए जाने की मांग की है। यहां के रहने वाले आशीष गर्ग, ज्ञान चंद, अमरनाथ, गुलशन, अनिल, हर्ष, शंटी ने एक कार्यक्रम में अपना मांग पत्र दिया। उन्होंने कहा कि उपमंडल के आस-पास के काफी गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण, व्यापारी व विद्यार्थी दिल्ली आते-जाते हैं लेकिन बराड़ा से दिल्ली तक की सीधी बस न होने के कारण लोगों को परेशानी होती है इसलिए लोगों की सुविधा को देखते हुए से सीधी आईएसबीटी दिल्ली तक रोडवेज बस चलाई जाए ताकि स्थानीय लोगों को फायदा हो सके।

### दो युवकों ने महिला से 52 हजार रुपये छीने

जींद। गांव दबलैन निवासी रामरति ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह अपनी बेटी के साथ नरवाना बैंक में किश्त जमा करने जा रही थी। बेची गई भैंस की राशि 52 हजार रुपये उसने थैले में डाली हुई थी। जब वह बालाजी अस्पताल के पास पहुंची तो पीछे से आए बाइक सवार नकाबपोश दो युवकों ने झपट्टा मारकर उसका थैला छीन लिया और एसडी स्कूल की तरफ फरार हो गए। लोगों ने बाइक सवार युवकों का पीछा भी किया लेकिन उनका सुराग नहीं लगा।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव की तैयारियों को लेकर दिए जरूरी निर्देश

# अवैध शराब और कैश की जांच में तेजी लाए टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

डीसी व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने निर्देश दिए कि चुनाव के दौरान अवैध शराब और अवैध कैश को पकड़ने के लिए आने वाले दिनों में लगातार तेज अभियान चलाया जाए। इस काम में कार्यरत स्टेटिक सर्विलांस टीम बारीकी से जांच करें। इसके साथ-साथ दूसरे राज्यों के साथ लगती सीमाओं पर भी जांच अभियान भी तेज किया जाए और चुनाव के दौरान इस तरह की अवैध गतिविधियों पर पूरी मुस्तैदी से रोक लगाई जाए। डीसी डॉ. शालीन बुधवार को कैंप कार्यालय में अधिकारियों की बैठक के दौरान बोल रहे थे।

- 14 को 10 पोलिंग बूथ पर वेबकॉस्टिंग का होगा ट्रायल रन



अंबाला। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वीसी के दौरान मौजूद जिला के प्रशासनिक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

इससे पूर्व हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाना हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने सभी असिस्टेंट रिटर्निंग आफिसर (एआरओ) को सप्ताह में एक बार बीएलओ की बैठक लेने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ मतदान केंद्रों पर पीने के पानी की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था और रैंप आदि की व्यवस्था पूरी तरह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। डॉ. शालीन ने कहा कि 14 मई को वेबकॉस्टिंग का 11 बजे ट्रायल रन होगा। यह ट्रायल रन 10 पोलिंग बूथ पर किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने सभी एआरओ को अपने क्षेत्र के 10 पोलिंग बूथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ उन्होंने मतगणना के दिन स्क्रैनिंग व मतगणना करने के लिए रिजर्व स्टॉफ की ड्यूटी भी जल्द से जल्द लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सी-विजिल एप पर जो भी आमजन शिकायत कर रहे हैं। एआरओ उनका तत्काल निवारण करें। शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई की जाए और उससे जुड़े फोटो आदि भी अपलोड किए जाएं। उन्होंने सभी एआरओ को सब डिविजन अस्पताल, सीएचसी व पीएचसी के एसएमओ से बैठक कर चुनाव के दिन सभी अस्पतालों में स्टॉफ की ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त स्वीप के अंतर्गत मतदाताओं को अधिक से अधिक जागरूक करने के लिए अभियान चलाने के भी निर्देश दिए।

इस मौके पर एडीसी अपराजिता, एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार, एसडीएम अंबाला छावनी सत्येन्द्र सिवाच, एसडीएम नारायणगढ़ यश जालुका, एसडीएम बराड़ा अश्वनी मलिक, सचिव आरटीए सुशील कुमार, नगराधीश विश्वजीत सिंह, डीईओ सुरेश कुमार, डीईईओ सुधीर कालड़ा, तहसीलदार चुनाव संदीप कुमार मौजूद रहे।

## प्रचार के दौरान उम्मीदवार समाज को बांटने का काम न करें

- निर्वाचन अधिकारी ने जारी की उम्मीदवारों के लिए हिदायतें

अंबाला। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक पार्टियां एवं उम्मीदवार आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। जिला प्रशासन का संकल्प है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव को संपन्न करवाया जाए।उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा आम चुनाव के लिए जारी चुनावी शेड्यूल के अनुसार चुनाव के छठे चरण में हरियाणा प्रदेश में 25 मई को मतदान होगा। चुनाव के दौरान पार्टियां व उनके प्रत्याशी यह ध्यान रखें कि चुनाव प्रचार में जाति, धर्म या समाज को बांटने का काम न किया जाए। धार्मिक गतिविधियों का सहारा लेकर कोई भी प्रत्याशी अपना प्रचार ना करे। चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए कहीं भी किसी प्रकार के उपहार, नकदी या नशीले पदार्थों का प्रयोग ना किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि वोट लेने के लिए किसी भी मतदाता को डराया या धमकाया न जाए। किसी निजी भवन की दीवारों पर बगैर मकान मालिक की अनुमति के झंडे, पंफलेट, पोस्टर आदि न चिपकाएं जाएं। इसमें संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्रवाई हो सकती है। दीवारों पर वॉल पेंटिंग का कार्य एआरओ या एसडीएम की बिना अनुमति के नहीं किया जाना चाहिए। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित किए गए स्थानों पर ही होर्डिंग, बैनर, पोस्टर लगाए जाने चाहिए और प्रशासन की ओर से चिह्नित स्थानों पर ही वॉल पेंटिंग की जा सकती है। अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन विभाग ने चुनाव खर्च का ब्यौरा रखने के लिए सभी सेवाओं और सामग्री के रेट तय किए हुए हैं। प्रशासन की सर्विलांस टीमें चुनाव प्रचार की गतिविधियों पर पूरी निगरानी रखेंगी और बड़ी जनसभा व चुनाव कार्यालयों की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी करवाई जाएगी। इसलिए प्रत्याशी अपने चुनाव खर्च का विवरण समय पर चुनाव कार्यालय में जमा करवाएं। एक उम्मीदवार लोकसभा चुनाव में 95 लाख तक की राशि का खर्च कर सकता है। जो उम्मीदवार चुनाव के खर्च की जानकारी उपलब्ध नहीं करवाता है तो उसे चुनाव लडने के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

### रोड शो के लिए लेनी होगी परमिशन

अंबाला। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि अंबाला लोकसभा आम चुनाव में प्रत्येक राजनैतिक पार्टी व उम्मीदवार को निर्वाचन आयोग के नियमों की पालना करनी होगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से चुनाव करवाएं जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनैतिक दल को कोई रैली या रोड शो का काफिला निकालना है तो इसके लिए जिला प्रशासन से अनुमति लेनी जरूरी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रोड शो का काफिला निकलता है तो उससे रोड जाम नहीं होना चाहिए। जहां अस्पताल व ट्रॉमा सेंटर होगा वहां से कोई भी राजनैतिक पार्टी रोड शो का काफिला नहीं निकाल सकेगी। इसके अतिरिक्त रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। डॉ. शालीन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान राजनैतिक दलों द्वारा किसी भी रेस्ट हाउस, डाक बंगला और सरकारी मकान का प्रयोग नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कोई भी राजनैतिक व्यक्ति अपने भाषण में जाति, धर्म से संबंधित शब्दों को प्रयोग नहीं कर सकेगा। राजनैतिक दल अपने बैनर पर मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा व चर्च की फोटो का प्रयोग भी नहीं कर सकेगा।

## वैश्य समाज ने परिवहन मंत्री को किया सम्मानित

- जैन स्थानक में सम्मान समारोह का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना



मुलाना। राज्यमंत्री असीम गोयल को सम्मानित करते हुए।

जैन स्थानक में अग्रवाल वैश्य समाज की ओर से अंबाला शहर के विधायक असीम गोयल के राज्य मंत्री बनने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें अग्रवाल वैश्य समाज , एसएस जैन सभा व वैश्य युवा सभा द्वारा राज्य परिवहन मंत्री असीम गोयल को सम्मानित किया गया । लोगों ने राज्य मंत्री का माल्यार्पण कर,पगड़ी पहना,शाल उढ़ाकर सम्मान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा व पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। अग्रवाल वैश्य समाज प्रधान अशोक जैन ने कहा कि असीम गोयल को मंत्री पद देकर वैश्य समाज को गर्वमयी पल दिए हैं। वैश्य समाज ने मानव जाति के उत्थान के साथ ही देश के उत्थान में अमूल्य योगदान दिया है। कार्यक्रम के मुख्यातिथि असीम गोयल ने समाज द्वारा दिए सम्मान पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वैदिक युग के आगमन के बाद जिस समुदाय ने राष्ट्रहित के लिए हर क्षेत्र में योगदान दिया है। वह वैश्य समुदाय है। वैश्य समाज के महापुरुषों ने अपने जीवनकाल में एक माला की तरह पूरे समाज को जोड़ने का कार्य किया है। वैश्य समाज देश की प्रगति के पथ को आकार देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को प्रमाणित करता है। देश की अर्थव्यवस्था में वैश्य समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने वैश्य समाज को संगठित रहने पर जोर दिया। बिना संगठित हुए किसी समाज का भला नहीं हो सकता। मौके पर प्रधान अशोक जैन, प्रवक्ता श्रीपाल जैन,जेके गोयल, अशोक जैन, नवीन गुप्ता , राम मूर्ति जैन ,नवीन जैन ,उमेश जैन, प्रवेश सिंगला, अशोक मित्तल, रविंद्र, वरुण गुप्ता , अशोक गोयल, जग्गू जैन, संजय बंसल, दविंद्र गोयल, राजीव गुप्ता मौजूद रहे।

## चुनावी रंजिश को लेकर सरपंच पर चाकू से हमला

अंबाला। सरपंच पर चाकू से हमला हो गया। चाकू सरपंच की छाती पर लगा है जिसके बाद सरपंच को अस्पताल में भर्ती कराया गया। विवाद चुनावी रंजिश से जुड़ा हुआ है। मामला शहजादपुर पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले गांव कोड़वा खुर्द का है। गांव कोड़वा खुर्द के सरपंच साहब सिंह ने बताया कि गांव में नाले की सफाई चल रही थी। वह नाले की सफाई को देखने के लिए ही गांव की दूसरी और गया था। पूर्व सरपंच, उसके बेटे, भाई व भतीजे ने चाकू से हमला बोल दिया। छूरी उसकी छाती में दिल के पास लगी। गनीमत रही कि वह बाल-बाल बच गया। सरपंच साहब सिंह ने बताया कि आरोपियों ने हत्या करने के इरादे से ही दिल के पास चाकू से वार किया है। पंचायती चुनाव के समय से ही आरोपियों के साथ रंजिश चली हुई है। आरोपी पहले भी कई तरह की वारदात को अंजाम दे चुके हैं।

## पोस्टर व भाषण स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा

- नेशनल कॉलेज में रेडक्रॉस दिवस पर छात्रों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। प्रतियोगिता में हिस्सा लेते छात्र।

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर कॉलेज में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य ,प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से शपथ ग्रहण कर किया ।इसके उपरांत कॉलेज प्रांगण में पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.रोहित दत्त ने कहा कि यह दिन एक विशेष महत्व का दिन है क्योंकि इस दिन ही यूथ रेड क्रॉस की विश्व में स्थापना हुई थी । प्राचार्य ने यूथ रेड क्रॉस के इतिहास से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए कहा कि मानव का सबसे बड़ा धर्म दूसरे व्यक्तियों की सेवा करना और सहयोग प्रदान करना है ,इसलिए हम सभी का यह परम कर्तव्य है कि हम इस पावन कार्य में बढ़-चढ़कर भाग ले और साथ ही अन्य लोगों को भी इस सहयोगात्मक भावना के लिए प्रेरित करें। हमें रक्तदान, स्वच्छता, प्राथमिक सहायता के लिए भी तत्पर रहना चाहिए जिससे दूसरे व्यक्तियों के जीवन की रक्षा की जा सके ।इसी श्रृंखला में उन्होंने यूथ रेड क्रॉस के संयोजक, डॉ राकेश कुमार और अन्य स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि जीएमएन कॉलेज की यूथ रेड क्रॉस सोसायटी बेहद ही सराहनीय कार्य कर रही है। इस सत्र में उन्होंने तीन रक्तदान शिविर, दो स्वास्थ्य कैंप और विद्यार्थियों के लिए निशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया, क्योंकि जीएमएन कॉलेज विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ मानवीय भावना और गुणो को विकसित करने के लिए वचनबद्ध है ।इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग और लेखन प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## सिंगापुर भेजने के नाम पर 2.70 लाख की ठगी

अंबाला। युवक को सिंगापुर भेजने के नाम पर 2.70 लाख रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। करनाल के एजेंट ने रुपए लेकर उसे फर्जी वीजा और टिकट थमा दी। जांच कराई तो पता चला कि उसके साथ धोखा हुआ है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। अभी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अंबाला कैंट की बैंक कॉलोनी के प्रेम वाही ने बताया कि उसने सिंगापुर से होटल मैनेजमेंट का डिप्लोमा किया हुआ है। वह 12वीं के बाद 26 अगस्त 2022 को स्टडी वीजा पर सिंगापुर गया था। वहां से 1 अप्रैल 2023 से वापस भारत आ गया था। मई, 2023 में वर्क वीजा पर दोबारा सिंगापुर गया था। उसके बाद में 1 सितंबर 2023 को वापस भारत आया। शिकायतकर्ता ने बताया कि सिंगापुर के एक स्टूडेंट का वॉट्सऐप ग्रुप बना हुआ था, जिसमें वर्क वीजा आदि के बारे में सभी अपडेट डालते थे। उस ग्रुप में करनाल निवासी अजीत सिंह भी था। जो सिंगापुर वर्क वीजा के लिए अपना परमिट डालता रहता था। उसने वापस भारत आने के बाद अक्टूबर 2023 में अजीत सिंह से अपने वर्क वीजा बारे बात की। आरोपी ने 3.60 लाख रुपए में सिंगापुर का वर्क वीजा देने की बात कही। 20 हजार रुपए एडवांस में ले लिए। उसके बाद अजीत ने कहा कि उसका करनाल वाला ऑफिस बंद हो गया है। उसे नोएडा ऑफिस में बुलाया। वह संदीप उर्फ धर्मेंद्र नाम के व्यक्ति से मिला। जिसने उससे केवल मेरा पासपोर्ट लिया। 6 नवंबर 2023 को संदीप ने मैसेज किया कि आपका वर्क वीजा आ गया है। उससे बकाया पेमेंट मांगी। उसने 2.25 लाख रुपए संदीप के पास भेज दिए। इसके बाद फिर 20 हजार ऑनलाइन ट्रांसफर किए। आरोपी ने उसके पास वीजा के पेपर भेजे, लेकिन जांच में पता चला कि वह वीजा फर्जी है। उसने टिकट के बारे में भी पूछताछ की तो पता चला कि यह टिकट किसी कपिल नाम के व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड है, जोकि नवंबर, 2023 से कैंसिल है। आरोपियों ने उसके साथ धोखाधड़ी की। जब उसने आरोपियों के खिलाफ अंबाला पुलिस को शिकायत सौंपी तो आरोपी ने चौकी पहुंच 20 हजार रुपए वापस कर दिए, लेकिन उसके 2.70 लाख रुपए वापस नहीं लौटाए।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विद्यार्थियों ने पांच स्कूलों का किया मुआयना

- पोस्टर व स्लोगन लेखन में छात्रों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा




अंबाला। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी।

लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने रेडक्रॉस जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग , स्लोगन लेखन और भाषण आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

इस दौरान कॉलेज के सचिव रमेश कुमार सांगवान, प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता, रेड क्रॉस कार्यक्रम के संचालक जगबीर सिंह एवं बीएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने टीम बनाई। इस टीम ने खंड के 5 स्कूलों का दौरा किया जिसमें एसएमएस स्कूल , गार्गी स्कूल, विश्वकर्मा हाई स्कूल सोहना ,सुखपाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल उगाला, सांई अकादमी अधोया का भ्रमण किया। टीम सदस्यों ने स्कूलों के स्टूडेंट्स को समाज से जुड़े अनेक विषयों के बारे में जानकारी दी। कॉलेज के अध्यापक जगबीर सिंह ने कहा कि हेनरी डोनेट का जन्म 8 मई 1828 को स्विट्जरलैंड में हुआ था। प्रत्येक वर्ष 8 मई को उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष 8 मई को हैनरी डोनेट के मानवता के प्रति किए गए कार्यों को याद किया जाता है। रेड क्रॉस का मुख्य उद्देश्य विश्व में मानवता का संदेश देना है।

## वृद्धा के कानों से बालियां झपटकर महिला फरार

अंबाला। नारायणगढ़ के वार्ड-3 निवासी 81 वर्षीय लीलावती ने बताया कि वह गत दिवस सुबह 11 बजे अपने घर में बेड पर आराम कर रही थी। उसी समय एक औरत आई, जिसने काला रंग का कुर्ता और गुलाबी रंग की सलवार पहनी हुई थी। उसने कमरे में आकर उसकी आंखों में लाल मिर्च पाउडर डाल दिया। इसका फायदा उठाते हुए आरोपी महिला उसके कानों से सोने की बालियां जबरन उतार फरार हो गई। बुजुर्ग महिला ने बताया कि आंखों मे जलन व पीड़ा के कारण उसने शोर मचाया। जब तक पड़ोसी मौके पर पहुंचे, तब तक महिला भाग निकली। पड़ोसियों ने कॉल करके उसकी बेटियों को इसकी सूचना दी।

## लूट-डकैती के 6 दोषियों को 10-10 साल की कैद

कैथल। अतिरिक्त सैशन जज डॉ. नंदिता कौशिक की अदालत ने लूट और डकैती के 6 दोषियों को 10-10 साल के कठोर कारावास और प्रत्येक को 60000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुमार्ना नहीं देने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सुरजीत सिंह निवासी गांव सोथा ने थाना सदर में 6 जून 2020 को मुकदमा नंबर 155 दर्ज करवाया था। सुखदीप सिंह ने बताया कि सुरजीत सिंह एचडीएफसी बैंक व एटीएम गांव क्योडक में गार्ड की ड्यूटी पर लगा हुआ था। 5 जून 2020 की रात को वह हर रोज की तरह बैंक व एटीएम की सिक्योरटी में तैनात था। रात करीब 1 बजे एक कार में से पांच युवक उतर कर आए जिनमें से एक लडके के हाथ में पिस्तौल व अन्य के हाथों में तलवार, लोहे के सरिये व राड़ थी। पिस्तौल लिए हुआ युवक उसे पकडकर साथ लगते टैंट हाउस में जबरदस्ती ले गया और उसकी कनपटी पर पिस्तौल लगाकर जबरदस्ती बैंक की चाबियां व फोन छीन लिया। उन्होंने सुरजीत को दुकान में रखी कुर्सी से रस्सी से बांध दिया। एक युवक उस पर पिस्तौल तानकर खड़ा रहा बाकि सभी बैंक व एटीएम में घुस गए और बैंक में तोडफोड़ करने लगे गए। कुछ समय बाद पुलिस की एक गाड़ी सायरन बजाती हुई बैंक के सामने आई जिससे डरकर पिस्तौल ताना हुआ युवक भाग गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## डीएवी पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह आयोजित

# हेड ब्वॉय वेदांत तो मानसी बनी हेड गर्ल

- चयनित विद्यार्थियों को बैज और सैश पहनाकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़



नारायणगढ़। अलंकरण समारोह के लिए चुने गए छात्र।

बुधवार को डीएवी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता की भावना उत्पन्न करने के उद्देश्य से हेड ब्वॉय और हेड गर्ल के चयन के लिए अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया । इसमें वेदांत सिवॉच को हेड ब्वॉय और मानसी शर्मा को हेड गर्ल के रूप में चयनित किया गया । चयन के लिए सभी उम्मीदवारों को विभिन्न राउंड से गुजरना पड़ा । इसी प्रकार से दयानंद हाउस की अध्यक्ष सुषमा सैनी,विरजानंद सदन की अध्यक्ष पूजा सैनी ,श्रद्धानंद सदन की अध्यक्ष कनिका और हंसराज सदन की अध्यक्ष मनीषा कालड़ा, निरीक्षक,कैप्टन ,वाइस कैप्टन , डिसिप्लिन इंचार्ज , चारों हाउस के पाठ्यक्रम कैप्टन , सह-पाठ्यक्रम कैप्टन, शैक्षणिक कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन और प्रीफेक्ट की पूरी एक विद्यार्थी परिषद का चयन किया गया ,जिसमें लगभग 80 विद्यार्थी परिषद के सदस्य बनें ।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.आर .पी.राठी ने विभिन्न पदों के लिए चयनित विद्यार्थियों को बैज और सैश पहनाकर सम्मानित किया । तत्पश्चात उन्हें कर्तव्यनिष्ठता और उत्तरदायित्व की शपथ दिलायी गई । प्राचार्य ने सभी चयनित उम्मीदवारों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें उनके पद की जिम्मेदारी से अवगत करवाया और कहा कि उत्तरदायित्व को निभाने से बच्चों में परिपक्वता आती है । उन्होंने बच्चों को विद्यालय के लिए अनुशासन और कर्तव्य का बोध करवाते हुए कहा कि विद्यार्थियों को टीम वर्क ,समय प्रबंधन और आत्मविश्वास के साथ कार्य करने के लिए वचनबद्ध होना चाहिए ।समारोह का समापन डीएवी गान के साथ किया गया ।

## सद्दोपर डंपिंग जोन को लेकर हाईकोर्ट में चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

- एडीजे कोर्ट में खारिज हो चुकी है याचिका

सद्दोपुर के पास नगर निगम के डंपिंग जोन पर एडीजे के फैसले को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। यह चुनौती एडीजे की कोर्ट से याचिका डिसमिस होने के बाद दी गई है। इसमें कहा गया है कि डंपिंग जोन पर काम करने वाली एजेंसी एनजीटी और हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों पर काम नहीं कर रही है। 7 अगस्त को मामले पर सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता उमेश गर्ग की ओर से दायर याचिका में कहा कि उनकी प्रॉपर्टी डंपिंग जोन के पास है। उनके निरीक्षण करने पर पाया गया कि डंपिंग जोन, जोकि जीटी रोड के किनारे बना है, उसके एक तरफ लगभग डेढ़ फीट का नर्सरी ग्रीन नेट लगा था। डंपिंग जोन के लिए कोई गेट नहीं है और इसकी चारदीवारी भी नहीं बनाई गई है। डंपिंग जोन में बेसहारा पशुओं के प्रवेश को रोकने के लिए कोई बाड़ नहीं बनाई गई है। जब उन्होंने निरीक्षण किया तो वहां एक जेसीबी मशीन खड़ी थी। वहां खड़े दो ट्रकों पर नंबर प्लेट नहीं थी। गीले और सूखे कचरे और कूड़े के ढेर लगे हुए थे। मौके पर खुले क्षेत्र में भारी मात्रा में सूखा, गीला और बायो-मेडिकल कचरा पड़ा मिला। याचिका में कहा गया कि हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जो पर्यावरण संबंधी सरकारी आदेशों को लागू करने के लिए नोडल एजेंसी है, ने भी डंपिंग जोन में पर्यावरण नियमों की अवहेलना पाई थी।